समाचार

महापौर मद के निर्माण कार्य का लोकार्पण किया महापौर ने

कोरबा 03 जनवरी 2025 – महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने आज नगर पालिक निगम कोरबा के वार्ड क्र. 51 में महापौर मद से निर्मित चबूतरे का लोकार्पण किया। इस अवसर पर सभापति श्री श्यामसुंदर सोनी सहित एम.आई.सी.सदस्यगण, पार्षदगण एवं अन्य नागरिकगण उपस्थित थे।

निगम द्वारा महापौर मद से वार्ड क्र. 51 श्यामनगर लाटा के सतनाम प्रांगण में 05 लाख रूपये की लागत से चबूतरा का निर्माण कराया गया है, जिसका लोकार्पण आज महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद के द्वारा किया गया। उन्होने पूजा अर्चना की, लोकार्पण पट्टिका का अनावरण किया तथा उक्त नवनिर्मित निर्माण कार्य को लोकार्पित किया। इस अवसर पर सभापति श्री श्यामसुंदर सोनी, एम.आई.सी.सदस्य रोपा तिर्की, पार्षद अरूण वर्मा, राजेन्द्र तिवारी, राजेन्द्र सिंह ठाकुर, मनकराम साहू, प्रशांत डहरिया, मुरारी लाल लहरे, सुमित्रा भारती, लखनी कुर्रे, तोष लहरे, रजनी भास्कर, नरेश कुर्रे, इशरत, भुनेश्वर दुबे, संध्या बंजारे, रामरूप दुबे, ज्योति बंजारे, अशोक कुर्रे, चमेली बाई, राधा खांडे, फुलेश्वरी बंजारे, ज्योति वर्मा, रूपेना लहरे, तरूणा भारती, मोंगरा बाई, समित्रा साहू आदि के साथ अन्य लोग उपस्थित थे।